कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
(स्थानीय निर्वाचन, दुर्ग (छ.ढ़.)

दूरभाष नं. 0788-2323437, फैक्स नं. 0788-2323437, ई-मेल - locele2014@gmail.com

क्रमांक/ 662 /NN2019/ दुर्ग, दिनांक 16/10/2019

प्रति,

सर्व विभाग प्रमुख,

जिला – दुर्ग (छ.ग.)

विषय: नगर पालिकाओं के आगामी निर्वाचन 2019 सम्पन्न करने के लिए कर्मचारी डाटाबेस तैयार करने के संबंध में।

विषयांतर्गत नगर पालिकाओं के आगामी निर्वाचन 2019 के लिये जोनल ऑफिसर, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं मतदान दलों के गठन हेतु अधिकारीयों एवं कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार किया जाना है। अतएव आप आपके एवं आपके अधीनस्थ समस्त कार्यालयों के समस्त अधिकारीयों/कर्मचारीयों की सूची जिले की वेबसाईट https://durg.gov.in/ के लिंक "Collectorate MIS -> Employee Database" पर ऑन-लाईन सात दिवस के भीतर इंट्री करवाना सुनिश्चित करें।

2. अधिकारीयो/कर्मचारीयों की जानकारी इंट्री करने के लिये जिले की वेबसाईट http://durg.gov.in को खोलें एवं "Collectorate MIS" लिंक को क्लिक करें। तत्पश्चात् "Employee Database" आईकॉन को क्लिक करें। अथवा सीधे http://cg.nic.in/durg/employeedb वेबसाईट खोलें।
3. सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिनांक 18/10/2019 को कलेक्टर सभागार में प्रात: 11:00 बजे रखा गया है। कृपया आपके सहायक प्रोग्रामर/ डाटा इंट्री आपरेटर, स्थापना लिपिक एवं संबंधित नोडल अधिकारी को उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित होने के लिये निर्देशित करें।
4. सॉफ्टवेयर में इंट्री करने के लिये आवश्यक यूजर-आई डी एवं पासवर्ड प्रशिक्षण के दिन बताया जावेगा। अथवा इसे 0788-2211223 नंबर को फोन कर प्राप्त किया जा सकता है। कृपया प्रथम बार लॉगईन के पश्चात् पासवर्ड बदल लें।
5. डाटा इंट्री करवाने के पूर्व अधिकारीयों/ कर्मचारीयों एवं कार्यालय की जानकारी निर्धारित प्रारुप (प्रारूप वेबसाईट पर उपलब्ध है) में संकलित करवा लें।
6. डाटाबेस में किसी अधिकारी/कर्मचारी की प्रविष्ठी केवल एक बार करना है।
7. उपरोक्तानुसार अधिकारियों/ कर्मचारियों का डाटाबेस अद्यतन करा लेने के पश्चात डाटाबेस फाईनल करवा दें। डाटाबेस फाईनल होने के पश्चात ही यह माना जायेगा कि आपके कार्यालय के अधिकारियों/ कर्मचारियों की जानकारी अद्यतन हो गयी है। अब उक्त सॉफ्टवेयर से ही हार्डकापी प्रिंट करवा कर उसे स्थनीय निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाने का कष्ट करें।

15/10/19

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)